हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 20 अप्रैल 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 43.0 डिग्री

न्यूनतम 25. 0 डिग्री

अक्षय तृतीया पर आज होगा 24 बटुकों का उपनयन संस्कार

4



## खबर संक्षेप

### विभिन्न स्थानों पर लगेगा प्लेसमेंट कैंप, सैकड़ों पदों पर होगी भर्ती

**सक्ती।** जिला सक्ती अंतर्गत बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने की दृष्टि से जनपद, नगर पालिका एवं नगर पंचायत स्तर पर प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एस.आई.एस. इंडिया लिमिटेड अनूपपुर द्वारा जनपद पंचायत मालखरौदा में 21 अप्रैल को, जनपद पंचायत जैजैपुर में 22 अप्रैल को, जनपद पंचायत डभरा में 23 अप्रैल को तथा जनपद पंचायत सक्ती में 24 अप्रैल को प्लेसमेंट कैंप लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त शासकीय आईटीआई मालखरौदा में 25 अप्रैल, शासकीय आईटीआई जैजैपुर में 27 अप्रैल तथा शासकीय आईटीआई डभरा में 28 अप्रैल को भी प्लेसमेंट कैंप का आयोजन निर्धारित किया गया है।

### लेखा सह एमआईएस सहायक के लिए कौशल परीक्षा 29 को

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जिला, जनपद पंचायत के रिक्त पद लेखा सह एम.आई. एस. सहायक का पद संख्या-01 की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया था। प्राप्त दावा-आपत्ति का चयन समिति द्वारा जांच उपरांत दावा-आपत्ति निराकरण एवं कौशल परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों को सूची जारी किया गया है। जिसका कौशल परीक्षा 29 अप्रैल दोपहर 12 बजे से ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण केन्द्र जांजगीर में आयोजित किया गया।

### तार मिस्त्री परीक्षा के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 तक

**जांजगीर-चांपा।** संभागीय अनुज्ञापन समिति (विद्युत) बिलासपुर द्वारा प्रतिवर्षानुसार तार मिस्त्री परीक्षा माह जुलाई 2026 में लिया जाना है। उक्त परीक्षा हेतु आवेदन बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही एवं सक्ती जिले के आवेदनकर्ता, फार्म निःशुल्क एवं संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय, कार्यपालन अभियंता (विद्युत सुरक्षा) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक, छत्तीसगढ़ शासन बिलासपुर संभाग बिलासपुर, प्रथम तल यू.डी.एम. हॉस्पिटल बिल्डिंग, होमगार्ड कैम्पस के पास कुदुदंड, बिलासपुर में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है।

### भीषण गर्मी में लू से बचाव के लिए बरतें सावधानी

**सक्ती।** जिले में अप्रैल माह से ही भीषण गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच गया है। लू की स्थिति बनने लगी है। इसे देखते हुए कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने आम नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने और लू से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी लू बचाव और सेहत पर ध्यान देने के लिए एडवाइजरी जारी की गई है।

तीन माह में हो चुकी 56 मौत, वैवाहिक सीजन में बढ़ा हादसों का खतरा

# जिले में 14 ब्लैक स्पॉट, जरा सी चूक साबित हो रही जानलेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले की सड़कों पर मौत की गश्त हो रही है। जरा सी चूक से सड़क हादसे हो रहे हैं। हादसों में लोगों की जान जा रही है। इस साल तीन माह में ही 56 लोग काल के गाल में समा चुके हैं। जिले में 14 ब्लैक स्पॉट हैं, जहाँ आएदिन हादसे सामने आ रहे हैं। अब शादी ब्याह के सीजन में हादसों का खतरा और भी बढ़ गया है।

जिले में सड़क दुर्घटना साल दर साल बढ़ती जा रही है। ज्यादातर हादसे राष्ट्रीय राजमार्ग और राज्य मार्ग पर सामने आ रहे हैं। सड़क हादसों के आंकड़ों के हिसाब से जिले में 14 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किया गया है। इनमें राष्ट्रीय राजमार्ग पर 6, राज्य मार्ग पर 6 और जिला मार्ग पर 2 स्पॉट हैं। इन स्थानों पर अक्सर सड़क हादसे हो रहे हैं। इसके आलावा भी अन्य स्थानों पर हादसे सामने आ रहे हैं। जिले में इस साल तीन माह के भीतर ही सड़क दुर्घटनाओ में 56 लोगों की जान जा चुकी है। जिले में सड़क हादसों का ग्राफ साल दर साल बढ़ता जा रहा है। साल 2023 में 464 हादसों में 398 लोग घायल हुए थे, जबकि 205 लोग काल के गाल में समा गए थे। साल 2024 में 466 हादसों में 402 लोग घायल हुए, वहीं 225 की मौत हो गई। साल 2025 में 511 सड़क हादसे हुए। इन हादसों में 436 लोग घायल हुए, वहीं 239 लोगों को जान गवानी पड़ी। आवागमन के बढ़ते दबाव और सड़कों पर सुरक्षा मानकों की कमी को बढ़ते सड़क हादसों का कारण माना जा रहा है। अपर्याप्त संकेतक, अपर्याप्त रोड मार्किंग, सड़क किनारे अतिक्रमण,खराब रोड सोल्डर, अंधे मोड़ और कुछ स्थानों पर खराब सड़क संरचना से लोगों की जान जोखिम में है। ऐसे स्थानों पर जरा सी चूक जानलेवा साबित हो रही है। अब वैवाहिक सीजन शुरू हो चुका है। इसके साथ ही सड़कों पर वाहनों की भीड़ बढ़ी है। ऐसे में जिले की ख़ूनी सड़कों पर हादसों का खतरा भी बढ़ गया है।



एनएच पर हुए अतिक्रमण को हटाने कुछ दिन पहले की गई कार्रवाई।

### निरीक्षण में संयुक्त टीम को मिली खामी

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए विगत दिनों जिले के दुर्घटना जन्य क्षेत्र का संयुक्त टीम ने निरीक्षण किया था। यातायात विभाग, परिवहन विभाग और लोक निर्माण विभाग की टीम के निरीक्षण में कई खामिया पाई गई। बम्हनीडीह, बिर्रा एवं शिवरीनारायण क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट पर यातायात व्यवस्था, संकेतकों की उपलब्धता, मोड़ एवं ब्लैक स्पॉट की स्थिति का बारिकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान तेज गति एवं यातायात नियमों का उल्लंघन, अपर्याप्त संकेतक, अपर्याप्त रोड मार्किंग, सड़क किनारे अतिक्रमण,खराब रोड सोल्डर,दृश्यता बाधित करने वाले मोड़ एवं कुछ स्थानों पर खराब सड़क संरचना को दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों के रूप में चिन्हित किया गया।इसकेआधार पर संबंधित विभागों को आवश्यक सुधारात्मक उपाय करते हुए चेतावनी संकेतक लगाने, स्पीड ब्रेकर निर्माण, सड़क मरम्मत, अतिक्रमण हटाने एवं यातायात नियंत्रण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं।

### सड़क पर अतिक्रमण ने बढ़ाई परेशानी

सड़कों के किनारे हुए अतिक्रमण भी लोगों की परेशानी बढ़ा रहे हैं। एन एच समेत सभी प्रमुख मार्ग पर ठेले-खोमचे लगा लिए जाते हैं। इसी तरह सड़क किनारे के दुकानदार भी अपना शेड निकाल कर अतिक्रमण करते हैं। ऐसे में वाहन चालकों को सड़कों पर सामने का नजारा स्पष्ट नहीं दिख पाता, जिससे हादसे हो जाते हैं। नेशनल हाईवे पर हो रही सड़क ढुघर्टनाओं को देखते हुएसुकली चौक, मुनुंद चौक, खोखरा अंबेडकर चौक एवं पिसौद चौक के नेशनल हाईवे मार्ग पर किये गये अवैध कब्जा को हटाने की कार्रवाई कुछ दिनों पहले ही की गई। सभी मुख्य मार्ग पर इस तरह के कार्रवाई की जरूरत महसूस की जा रही है।

### कर रहे उपाए

सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सजग है। हादसों में कमी लाने कई तरह के उपाए अपनाए जा रहे हैं।दुर्घटना जन्य क्षेत्र में लगातार इंटरसेप्टर वाहन से निगरानी की जा रही है। दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है।

**-उदयन बेहार,**
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात
जांजगीर चाम्पा



## वेदांता प्लांट हादसे में जान गंवाने वाले मजदूरों की संख्या बढ़कर 24 पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-डभरा

सक्ती जिले के वेदांता थर्मल पावर प्लांट में हुए हादसे के बाद घायल हुए मजदूरों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में भर्ती एक मजदूर ने रविवार को दम तोड़ दिया। इस तरह हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 24 पहुंच चुकी है। अभी भी करीब आधा दर्जन मजदूर जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहे है।

- जिंदगी और मौत के बीच अभी भी संघर्ष कर रहे घायल श्रमिक

सक्ती जिले के डभरा थाना अंतर्गत ग्राम सिंघीतराई में संचालित वेदांता थर्मल पावर प्लांट में 14 अप्रैल को भीषण हादसा हुआ। प्लांट के बायलर सेक्शन में ब्लास्ट होने के कारण वहां काम कर रहे मजदूर गर्म भाप की चपेट में आए। इससे मौके पर ही 4 मजदूरों की मौत हुई। वहीं पहले दिन ही रात तक 12 मजदूरों ने दम तोड़ दिया। घायलों को रायगढ़ और रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाज के दौरान गंभीर रुप से झूलसे मजदूरों के मौत का सिलसिला जारी है। शनिवार तक 23 मजदूरों की मौत हो चुकी थी, वहीं रविवार 19 अप्रैल को मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में भर्ती झारखण्ड के मनीष कुमार ने दम तोड़ दिया। हादसे में घायल कई मजदूर अभी भी जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे है। अस्पतालों में भर्ती आधा दर्जन मजदूरों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। इधर प्लांट में हुए हादसे के बाद काम बंद कर दिया गया है। संयंत्र में काम करने वाले मजदूरों को छुट्टी दे दी गई है। अन्य प्रांतों से आकर काम करने वाले मजदूर अपने-अपने घर जा चुके है। ऐसे में प्लांट में केवल सुरक्षाकर्मी और संयंत्र के अधिकारी ही इन दिनों नजर आ रहे है।

### कई टीम कर रही हादसे के कारण की जांच

वेदांता पावर प्लांट में हुए हादसे की जांच के लिए कई टीम बनी है। कलेक्टर ने मजिस्ट्रियल जांच के लिए डभरा एसडीएम विनय कुमार कश्यप को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। इसी तरह मुख्यमंत्री द्वारा भी बिलासपुर कमिश्नर को जांच अधिकारी बनाया गया है। केन्द्रीय स्तर पर भी जांच कमेटी का गठन किय गया है। साथ ही एसपी ने भी जांच टीम बनाई है। सभी टीम जांच में जुटी है।

## जर्जर बसंतपुर पुल हादसों को दे रहा न्यौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले में स्थित बसंतपुर पुल इन दिनों गंभीर खतरे का कारण बना हुआ है। सारंगढ़-बिलाईगढ़ और जांजगीर-चांपा को जोड़ने वाला यह महत्वपूर्ण पुल अब जर्जर हालत में पहुंच चुका है, जिससे लोग हर दिन जान जोखिम में डालकर आवागमन करने मजबूर है।

पुल की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि इसकी सतह जगह-जगह से उखड़ चुकी है। कई हिस्सों में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जबकि लोहे का सरिया बाहर निकल आया है। पुल से गुजरते समय वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर भारी वाहनों के गुजरने पर पुल में कंपन और दबाव साफ महसूस किया जा सकता है। इसके बावजूद रोजाना इस पुल से ट्रक, बस और अन्य भारी वाहन बेखौफ गुजर रहे हैं, जिससे स्थिति और भी चिंताजनक हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार इस समस्या से प्रशासन को अगवत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। बिर्रा क्षेत्र में लगातार सड़क हादसों की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिनका एक बड़ा कारण खराब सड़क और जर्जर पुल भी माना जा रहा है। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं। अगर समय रहते इस पुल की मरम्मत या पुनर्निर्माण नहीं किया गया, तो भविष्य में गंभीर दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता।



पुल पर जगह-जगह बने गड्ढे।

### अवैध शराब बिक्री करते महिला गिरफ्तार

**हसौद।** आबकारी विभाग की टीम ने हसौद क्षेत्र में दबिश देकर एक महिला को शराब की अवैध बिक्री करते पकड़ा। आबकारी विभाग की टीम ने उसके कब्जे से महुआ और प्लेन देसी शराब जब्त की है। जैजैपुर आबकारी विभाग की टीम को 18 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली कि हसौद थाना क्षेत्र के बैहागुड़रु वार्ड नंबर 20 में एक महिला अपने घर में अवैध रूप से महुआ शराब रखकर बिक्री कर रही है। सूचना पर टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर दबिश दी। जांच के दौरान आरोपी सुनीता डुप्ले पति रंजीत कुमार के मकान के कमरे से 2 प्लास्टिक बोतलों में 2.2 लीटर, 15 पाउच में 3.0 लीटर महुआ शराब तथा 19 पाव में 3.42 लीटर देशी प्लेन शराब बरामद की गई। इस प्रकार कुल 8.62 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। महिला के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## परशुराम जयंती पर आज निकलेगी शोभायात्रा

**जांजगीर-चांपा।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर सोमवार 20 अप्रैल को नगर में शोभा यात्रा ि नकाली जाएगी। शोभायात्रा दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से शुरु होकर परशुराम चौक रेलवे स्टेशन नैला में समाप्त होगी। यहां भगवान परशुराम की मूर्ति के पूजन अर्चन की जाएगी। शोभा यात्रा की समाप्ति के उपरांत नैला मारवाड़ी धर्मशाला में सभी श्रद्धालुओं के लिए भोज की व्यवस्था की गई है। रैली का समय शाम 5 बजे निर्धारित किया गया है। इस शोभायात्रा में सभी विप्र जन के परिवार के महिला पुरुष एवं बच्चे शामिल रहेंगे। शोभायात्रा में सबसे प्रारंभ में डमरू और शंख के साथ स्वस्ति वाचन एवं श्लोक के साथ विप्र जन पूरी शोभायात्रा में सामने चलेंगे। उसके पीछे ब्राह्मण नारी नव चेतना मंच द्वारा आयोजित उपनयन संस्कार में शामिल सभी बटुक अपनी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। रैली में शोभायात्रा के आगे करमा का नृत्य दल रहेगा। कीर्तन की व्यवस्था की गई है। कर्मा नृत्य दल के पीछे में डीजे की व्यवस्था होगी जिसके पीछे भजन कीर्तन ,नृत्य करते हुए बालिकाओं ,महिलाओं का दल रहेगा । डीजे के पीछे भगवान परशुराम जी की प्रतिकृति के साथ सुसज्जित रथ रहेगी, जिसमें दोनों तरफ प्रकाश की व्यवस्था रहेगी। परशुराम जयंती को लेकर शहर के कचहरी चौक, नेताजी चौक एवं परशुराम चौक को तोरण एवं झालर से सुसज्जित किया गया है।

## 95 पाव अवैध शराब के साथ दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** शराब का अवैध कारोबार करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 95 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की गई है। दोनों को अलग अलग जगहों से मोटर सायकल में शराब का परिवहन करते पकड़ा गया है।

पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में प्रभारी पुलिस अधीक्षक निवेदिता पाल के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में थाना चांपा पुलिस द्वारा आरोपी अश्वनी कुमार साहू उम्र 35 साल निवासी देवलापाठ थाना ऊर्जा जिला कोरबा के कब्जे से 60 पाव देशी प्लेन शराब बरामद को मोटर सायकल में परिवहन करते पकड़ा। इसी तरह नवागढ़ पुलिस द्वारा आरोपी बद्रीनारायण धीवर उम्र 45 साल निवासी लखुर्री थाना सारागांव को मोटर सायकल में परिवहन करते हुए पकड़ा गया। उसके कब्जे से 35 पाव देशी प्लेन शराब बरामद किया गया। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा पर भेजा गया।



जिले के 23 केन्द्रों में एग्जाम को लेकर दिखी भीड़

# परिवहन आरक्षक भर्ती परीक्षा से नदारद रहे 25 सौ अभ्यर्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले में परिवहन आरक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर 23 केन्द्र बनाए गऐ थे। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए 6 हजार 664 अभ्यर्थियो ने अपना आवेदन ऑनलाइन के माध्यम से जमा किया था। परीक्षा में 4 हजार 143 युवा शामिल हुए वहीं 2521 अभ्यर्थी नदारद रहे।

गौरतलब है कि छतीसगढ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार 19 अप्रैल को परिवहन आरक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। इसके लिए जिले में 23 केन्द्र बनाए गए थे। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए 6 हजार 664 अभ्यर्थियो ने ऑनलाइन आवेदन जमा किए। परिवहन आरक्षक परीक्षा में 4 हजार 143 अभ्यर्थी शामिल हुए। वहीं 2 हजार 521 युवा विभिन्न कारणों से अनुपस्थित रहे। आंकड़ा देखे तो टीसीएल महाविघालय में 228 उपस्थित एवं 132 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार कन्या महाविद्यालय में 228 उपस्थित एवं 132 अनुपस्थित, कन्या हाईस्कूल जांजगीर में 185 उपस्थित एवं 115 अनुपस्थित रहे। इसी तरह डाइट प्रशिक्षण संस्थान में 116 अनुपस्थित रहे। आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल क्रमांक 1 में 104, आत्मानंद हिन्दी माध्यम में 66, कन्या हायरसेकेन्ड्री स्कूल खोखरा में 111 लोग, कृषि महाविघालय जांजगीर में 128, शासकीय हायरसेकेन्ड्री स्कूल बनारी में 109, हाईस्कूल सुकली में 93, हायरसेकेन्ड्री स्कूल धुरकोट में 136, हायरसेकेन्ड्री स्कूल कुटरा में 89, हायरसेकेन्ड्री स्कूल भडेसर में 89, हायरसेकेन्ड्री स्कूल महंत में 65, पीजी कालेज चाम्पा में 134, कन्या हायरसेकेन्ड्री चाम्पा में 100, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम चाम्पा में 99, हायरसेकेन्ड्री स्कूल भोजपुर में 86, शासकीय उमाविचा बरपाली चाम्पा में 107, हायरसेकेन्ड्री स्कूल सिवनी चाम्पा में 126, स्वामी आत्मानंद स्कूल बम्हनीडीह में 159, स्वामी आत्मानंद स्कूल सारागांव में 152, कन्या उ मा वि सारागांव में आयोजित परिवहन आरक्षक भर्ती परीक्षा में 73 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।



केन्द्र में परीक्षा देते अभ्यर्थी।




## खबर संक्षेप

### सांसद निधि के कार्यों में टीडीएस कटौती अनिवार्य, विभाग ने जारी किए निर्देश

**कोरबा।** जिला प्रशासन द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत होने वाले व्यय और भुगतान की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने हेतु कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। जिला योजना एवं सांख्यिकी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अब सांसद निधि से स्वीकृत कार्यों के विरुद्ध किए जाने वाले सभी भुगतानों पर टैक्स डिडक्शन एट सोर्स (टीडीएस) और अन्य वैधानिक कटौतियां करना अनिवार्य होगा। नगर निगम, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी विभिन्न जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों सहित सभी क्रियान्वयन विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे भुगतान के समय नियमानुसार टैक्स की कटौती सुनिश्चित करें। साथ ही, काटी गई राशि को शासन के खाते में जमा कर उसके प्रमाण पत्र और चालान की प्रति अनिवार्य रूप से जिला योजना कार्यालय को उपलब्ध कराएं। इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य शासकीय कार्यों में वित्तीय अनुशासन बनाए रखना और वैधानिक देयताओं का समय पर निपटान करना है। प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करने और इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा है।

### छात्र संघ चुनाव बहाली पर एनएसयूआई ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**हरदीबाजार।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के नेतृत्व में छात्र संघ चुनाव बहाली को लेकर निर्णायक पहल करते हुए विधायक प्रेमचंद पटेल को ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष (ग्रामीण) मनमोहन राठौर के नेतृत्व में युवाओं में जोश दिख रहा था। इस मौके पर परमेश्वर कौशिक, रवि पटेल, सागर, रवि सिधार, भूपेंद्र सहित प्रधान आरक्षक विजय सिंह एवं पुलिस बल मौजूद रही। ज्ञापन में छात्रों ने साफ कहा कि वर्षों से छात्र संघ चुनाव बंद रहने के कारण उनकी आवाज़ दब रही है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया ठप पड़ी है। अब छात्र संगठन इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। आंदोलन की मुख्य मांगें हैं जिनमें तत्काल चुनाव बहाली प्रदेश के सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव तुरंत शुरू किए जाए।

### सीएससी केंद्रों व आंबा कार्यकर्ताओं के माध्यम से कराई जा रही निःशुल्क ई-केवाईसी

**कोरबा।** महतारी वंदन योजना के सभी पात्र हितग्राहियों को सूचित किया जाता है कि शासन के निर्देशानुसार 30 जून तक जिले के चिन्हांकित सीएससी केंद्रों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की आईडी के माध्यम से ई-केवाईसी का कार्य व्हीएलई, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा निःशुल्क किया जाएगा। ई-केवाईसी की सुविधा हेतु सभी चॉइस सीएससी केंद्रों में लैपटॉप एवं बायोमेट्रिक डिवाइस उपलब्ध कराए गए हैं। योजना के अंतर्गत कार्यरत सीएससी-व्हीएलई को सीएससी-एसपीव्ही कार्यालय रायपुर के माध्यम से प्रति पूर्ण कार्य 9.84 रुपये का कमीशन सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान किया जाएगा। हितग्राही अपना ई-केवाईसी आधार कार्ड एवं महतारी वंदन योजना पंजीयन आईडी के साथ नजदीकी सीएससी केंद्र में जाकर करवा सकते हैं। योजना से संबंधित किसी प्रकार की समस्या या शिकायत हो तो कार्यालय के फोन नंबर 8085190563 अथवा 7828183048 पर व्हाट्सएप या कॉल के माध्यम से संपर्क किया जा सकता है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल रिजल्ट रहा उत्कृष्ट

**कोरबा।** डीएवी पब्लिक स्कूल गेवरा का परिणाम उत्कृष्ट रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के कक्षा 10वीं में कुल 101 विद्यार्थियों में से 14 छात्रों ने 90 प्रतिशत प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उच्च उपलब्धि हासिल की। इस वर्ष पार्थ सिंह ने 98.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं शेखर वर्मा ने 98.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं रोहित कुमार सारथी उम्र 45 वर्ष पिता श्री मुरलीराम सारथी, समृद्धि कलश बैंक ऑफ़ बड़ौदा के पीछे शिवरीनारायण रोड अकलतरा का निवासी हूं। मै एक भूतपूर्व सैनिक हूं मेरा सर्विस क्रमांक 15156960M है।मेरे डिसचार्ज बुक क्रमांक 39698 पेज नम्बर 8 एवं अन्य दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम प्रशांत एवं पुत्री का नाम अनुष्का दर्ज हो गया है। मैं एक पिता होने के नाते यह शपथ पत्र प्रस्तुत करता हूँ कि मेरे पुत्र का नाम पूर्व में विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय अभिलेखों में प्रशांत (PRASHANT) अंकित है, जिसे अब संशोधित कर प्रशांत सारथी (PRASHANT SARTHI) किया जाए। भविष्य में मेरे पुत्र को सभी अभिलेखों, दस्तावेजों एवं कार्यों में प्रशांत सारथी के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

इसी प्रकार मेरी पुत्री का नाम पूर्व में विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय अभिलेखों में अनुष्का (ANUSHKA) अंकित है, जिसे अब संशोधित कर अनुष्का सारथी (ANUSHKA SARTHI) किया जाए एवं भविष्य में मेरी पुत्री को सभी अभिलेखों, दस्तावेजों एवं कार्यों में अनुष्का सारथी के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

शपथकर्ता
रोहित कुमार सारथी उम्र 45 वर्ष पिता श्री मुरलीराम सारथी, समृद्धि कलश बैंक ऑफ़ बड़ौदा के पीछे शिवरीनारायण रोड ,अकलतरा , जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़।

# सस्ती बिजली और रोजगार पर फोकस, शुरु हुआ नीलामी का 15वां दौर


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र सरकार एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। कोयला मंत्रालय 17 अप्रैल को कमर्शियल कोल माइन ऑक्शन (व्यावसायिक कोयला खदान नीलामी) के 15वें दौर की शुरुआत करेगा। जिसके तहत राज्य के पांच कोल ब्लॉकों को भी नीलामी में शामिल किया जाएगा। इसके लिए मुंबई में एक स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन (हितधारक परामर्श) का भी आयोजन किया जाएगा, जिसकी थीम आत्मनिर्भर भारत ऊर्जा सुरक्षा के लिए कोयला रखी गई है।

कोयला मंत्रालय का लक्ष्य घरेलू कोयला उत्पादन को बढ़ाकर विदेशों से होने वाले आयात को कम करना है। 15वें दौर में कोल मंत्रालय पूरी तरह से खोजी गई और आंशिक रूप से खोजी गई कोयला खदानों को पेश करेगी। यह नीलामी केवल बड़ी कंपनियों के लिए ही नहीं, बल्कि नए निवेशकों और आधुनिक तकनीक वाली छोटी फर्मों के लिए भी एक बेहतरीन अवसर है। खदानों को निजी हाथों में देने का मकसद सेक्टर में पारदर्शिता लाना और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है। वर्ष 2020 में शुरू हुई कमर्शियल माइनिंग की नीति ने कोयला क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है। जब देश में कोयले का उत्पादन बढ़ेगा, तो बिजली, स्टील और सीमेंट जैसे मुख्य उद्योगों को कच्चा माल आसानी से और सस्ते दामों पर मिल सकेगा। इससे न केवल उद्योगों की रफ्तार बढ़ेगी, बल्कि आम जनता को भी सस्ती और बिना रुकावट वाली बिजली मिलने की उम्मीद बढ़ जाती है। साथ ही, इन खदानों के शुरू होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के हजारों नए मौके पैदा होंगे। देश की ऊर्जा मांग तेजी से बढ़ रही है, वर्तमान में, हमें अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए विदेशों से महंगा कोयला खरीदना पड़ता है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत सरकार चाहती है कि हम अपनी जरूरतों के लिए खुद के संसाधनों पर निर्भर रहें। नीलामी का यह नया दौर निवेशकों का भरोसा बढ़ाएगा और देश के ऊर्जा इकोसिस्टम को और अधिक मजबूत और लचीला बनाएगा। नीलामी का यह पारदर्शी ढांचा निवेशकों को आकर्षित करने में सफल रहा है। इससे पहले हुए राउंड्स में भी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिससे घरेलू उत्पादन में सुधार देखा गया है। सरकार की कोशिश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस यानी व्यापार करने की आसानी को बढ़ावा देना है, ताकि कोयला क्षेत्र में एफिशिएंसी आए और देश को लंबे समय तक सस्ती और भरोसेमंद ऊर्जा मिलती रहे।

**यह नीमाली बड़ी कंपनियों के अलावा छोटी फर्मों के लिए अवसर**



## आउटर की दुकानों में नहीं हो पा रही है आपूर्ति

# प्लास्टिक की बोतल में देशी शराब की पहली खेप पहुंची फिर भी ज्यादातर दुकान ड्राई, विदेशी की बढ़ी बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में प्लास्टिक बोतल से देशी शराब की सप्लाई शुरू हो चुकी है। प्लास्टिक की बोतल में शराब की पहली खेप शराब दुकानों में पहुंच चुकी है। अब भी जिले की ज्यादातर देशी शराब दुकानों में पर्याप्त स्टाक नहीं है। जिसकी वजह से देशी मदिरा प्रेमियों को खासा पेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। देशी शराब नहीं मिलने पर मदिरा प्रेमी अब विदेशी शराब की ओर रूख कर रहे हैं। जिसकी वजह से विदेशी शराब की बिक्री में इजाफा हुआ है।

**खास बात**
- जिले में देशी की 21 दुकानें होती हैं संचालित जिसमें से 3 से 4 ही है शराब

उल्लेखनीय है कि आबकारी के नए अधिनियम के तहत देशी विदेशी शराब दुकानों में शराब की सप्लाई कांच की बोतल की जगह प्लास्टिक की बोतल में की जानी है। 1 अप्रैल से इस अधिनियम के तहत प्लास्टिक की बोतलों में शराब की खेप पहुंचनी थी, लेकिन कंपनी द्वारा शराब की खेप नहीं पहुंचा जा सकी। जिसके चलते पुराने स्टाक से ही काम चल रहा था। आबकारी विभाग के सूत्र बताते हैं कि मौजूदा स्थिति में जिले के देशी के 21 दुकानों में से तीन से चार दुकानों में ही शराब का स्टाक है। जबकि बाकी शेष दुकानें लगभग ड्राई हो चुकी हैं। बताया जाता है कि प्लास्टिक की बोतल में देशी शराब की पहली खेप शहर पहुंच चुकी है। जिससे शहर के दुकानों में आपूर्ति की गई है। जबकि आउटर के दुकानों में अभी यह स्टाक नहीं पहुंच पाया है। शाम होते ही मदिरा प्रेमी देशी शराब खरीदने के लिए दुकान तो पहुंच रहे हैं लेकिन उन्हें देशी शराब नहीं मिलने पर निराशा हो रही है और वे अब विदेशी शराब की तरफ रूख करने लगे हैं। सूत्र बताते हैं की पिछले एक हफ्ते के दौरान विदेशी शराब की बिक्री में जबरदस्त उछाल देखा जा रहा है। बताया जाता है कि आबकारी विभाग लगातार देशी शराब की डिमांड कंपनी से कर रहा है लेकिन शराब नहीं आने के चलते स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। जल्द ही कंपनी द्वारा देशी शराब की सप्लाई नहीं की गई तो निश्चित तौर पर स्थिति और भी बिगड़ सकती है। हालांकि कंपनी ने अब प्लास्टिक की बोतलों में शराब सप्लाई का सिलसिला शुरू कर दिया है यदि सप्लाई निरंतर होती रही तो दो-चार दिनों में सप्लाई ठीक होने की उम्मीद जताई जा रही है।



प्लास्टिक की बोतल में देशी शराब।

# तीन ट्रेलर व कार के बीच भिड़ंत, बड़ा हादसा टला


दुर्घटनाकारित ट्रेलर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग में शनिवार की सुबह 3 ट्रेलर व कार के बीच भिड़ंत हो गई। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। घटना में घायल हुए चालकों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। कुछ देर के लिए मार्ग बाधित जरुर हो गया था। घटना की सूचना मिलने पर बांगो पुलिस मौके पर पहुंची और राहत और बचाव कार्य शुरू करते हुए मार्ग को बहाल किया गया।

जिले के बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरबा-कटघोरा-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग-130 पर शनिवार की सुबह करीब 6 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। ग्राम गुरसिया-जडगा मोड़ के पास तेज रफ्तार वाहनों की टक्कर से स्थिति बिगड़ गई। जानकारी के अनुसार, अंबिकापुर की ओर से आ रहे दो ट्रेलर आपस में भिड़ गए।

# केशलपुर गौठान बना अवैध ईंट निर्माण का केंद्र


अवैध ईंट भट्टा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केशलपुर का गौठान इन दिनों अवैध ईंट निर्माण का केंद्र बन चुका है। जिस गौठान का निर्माण पशुपालन और ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था, वहीं अब निजी लाभ के लिए इसका दुरुपयोग खुलेआम किया जा रहा है।

गौठान की देखरेख की जिम्मेदारी सरपंच और सचिव पर होती है, लेकिन यहां उनकी भूमिका सवालों के घेरे में है। आरोप है कि उनकी अनदेखी या मिलीभगत के चलते सरकारी संपत्ति का उपयोग अवैध ईंट भट्टे के रूप में किया जा रहा है, जिससे कुछ निजी व्यक्तियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। स्थिति और गंभीर तब हो जाती है जब यह गौठान जंगल के समीप स्थित है। ईंट पकाने के लिए बड़ी मात्रा में लकड़ी खपाई जा रही है, जिससे वन क्षेत्र को नुकसान पहुंच रहा है। वन परिक्षेत्र जटगा की निष्क्रियता भी इस पूरे मामले में स्पष्ट रूप से सामने आ रही है। वन विभाग और राजस्व विभाग को हो रहे नुकसान के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही। यह मामला केवल सरकारी जमीन के दुरुपयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरणीय क्षति का भी बड़ा कारण बन रहा है। सवाल उठता है कि इस अवैध कारोबार के पीछे किसका संरक्षण है? क्या स्थानीय प्रशासन और वन विभाग की चुप्पी किसी बड़े गठजोड़ की ओर इशारा कर रही है? पोड़ी उपरोड़ा में अधिकारियों की कथित मेहरबानी का यह एक जीवंत उदाहरण बन चुका है, जहां गायों के लिए बना गौठान अब ईंट भट्टे में तब्दील हो गया है। अब देखना होगा कि संबंधित विभाग इस गंभीर मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और दोषियों पर क्या कार्रवाई होती है।

# सौंदर्यीकरण पर लगा ग्रहण, डिवाइडर में लगाए पौधों को ही ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

टीपी नगर क्षेत्र में बीच सड़क से हुई एक चोरी ने निगम के अधिकारियों सहित आसपास के लोगों को चौंका कर रख दिया है भला कोई चोर ऐसा भी करता है। अज्ञात लोगों ने सड़क के बीच डिवाइडर में लगाए गए पौधों को ही उखाड़ कर चोरी कर लिया।

**खास बात**
- निगम शहर को सजाने संवारने के उद्देश्य से डिवाइडर में लगा रहा पौधा

उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा शहर की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने के साथ-साथ शहर का सौंदर्यीकरण कर इसे संजाने-संवारने की दिशा में नित नये काम किये जा रहे हैं। दूसरी तरफ चोरों की नजर इसे लगती जा रही है। चोरी की यह वारदात मंगलवार तड़के करीब 4 बजे की बताई जा रही है। आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे में यह हरकत कैद हुई है। बताया जा रहा है कि तड़के करीब 4 बजे एक इलेक्ट्रिक ऑटो में सवार होकर चार लोग पहुंचे थे। इन लोगों ने डिवाइडर पर कुछ दिन पहले लगाए गए पाम के पौधों में से करीब तीन से चार पौधों को उखाड़ा और ऑटो में भरकर चलते बने। यह चोरी जितनी हास्यास्पद और रहस्यमय बनी हुई है वहीं आश्चर्य इस बात का है कि चोरों की हरकत इतनी गिर चुकी है कि वह अब सौंदर्यीकरण के पौधों को भी चुराने लगे हैं। गौरतलब है कि नगर निगम के द्वारा सौंदर्यकरण के तहत सीएसईबी चौक से लेकर शारदा विहार तिराहा तक सड़क के किनारे बनी क्यारी को सुरक्षित करने के लिए लोहे की रेलिंग लगवाई गई है। रेलिंग के ऊपर लोहे के नुकीले आकार को गोल्डन पेंट कर सुनहरा रंग दिया गया। इसके लगने के कुछ दिन बाद से ऊपरी भारी हिस्सा नशेड़ियों के द्वारा तोड़-तोड़ कर चोरी किया जाता रहा। इन्हें मुड़ापार और आसपास इलाके में संचालित कबाड़ के दुकानों में बेचकर कुछ रुपए अर्जित कर नशेड़ियों ने अपने नशे के शौक को पूरा किया। शासन के हजारों-लाखों रुपए जहां शहर को सुंदर और व्यवस्थित बनाने में खर्च किए जा रहे हैं तो दूसरी तरफ ऐसे कुंठित मानसिकता वाले चोरों और नशेड़ियों की नजर इन्हें लगती जा रही है। बहरहाल, लोहा चोरी करने वाले तो आज तक पकड़ में नहीं आए और ना ही सरकारी लोहा खरीदने वाले कबाड़ियों पर कोई कार्रवाई हुई है। दूसरी तरफ जिन लोगों ने तड़के सरेआम बीच सड़क से पौधों को उखाड़ कर चुराया है, उनकी तलाश में अधिकारी जुटे हुए हैं और पुलिस की मदद ली जा रही है। नगर पालिक निगम द्वारा शहर में सौंदर्यीकरण को नित नये आयाम दिये जा रहे हैं, सड़कों को नया लुक मिल रहा है एवं डिवाईडर ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित हो रहे हैं। डिवाईडरों में हरीतिमा के साथ रंग बिरंगे फूल मुस्कुरा रहे हैं। 10 अप्रैल को महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में टीपी नगर से पावर हाउस मुख्य मार्ग क्षेत्र में निगम द्वारा किये गये रोड डिवाईडर प्लांटेशन का लोकार्पण किया था। मुख्य मार्ग साईट डिवाईडर पर 160 पाम के पौधें रोपित कर ग्रीन बेल्ट का स्वरूप दिया गया है। उद्यान अधीक्षक आनंद राठौर ने बताया कि उक्त सम्पूर्ण मार्ग पर निगम द्वारा 6सौ आम के पौधे रोपित किये जाएंगे, ताकि इस सम्पूर्ण मुख्य मार्ग को ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित व सुसज्जित किया जा सके।

# बाबा साहेब का व्यक्तित्व जितना व्यापक उतना ही प्रेरणादायी : धरमलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला भाजपा कार्यालय में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। समाज के वरिष्ठों का शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, विधायक प्रेमचंद पटेल, महापौर संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह, वरिष्ठ पार्षद नरेंद्र देवांगन सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

**खास बात**
- भाजपा संगोष्ठी में बाबा साहेब को नमन, वरिष्ठों का हुआ सम्मान

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि डॉभीमराव अंबेडकर का व्यक्तित्व और कृतित्व इतना व्यापक है कि उनके बारे में जितना कहा जाए, वह कम ही है। देश की आज़ादी से पहले भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही और आज़ादी के बाद भी उन्होंने राष्ट्र निर्माण में ऐतिहासिक योगदान दिया। कौशिक ने कहा कि जब देश को आज़ादी मिली और अंतरिम सरकार का गठन हुआ, तब पंडित जवाहरलाल नेहरू ने ऐसे व्यक्तित्वों को मंत्रिमंडल में स्थान दिया जो कांग्रेस विचारधारा से नहीं थे। उनमें एक थे बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर, जिन्हें देश का पहला कानून मंत्री बनाया गया, और दूसरे थे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, जिन्हें उद्योग मंत्री बनाया गया। इसके पश्चात 1948 में संविधान निर्माण के लिए जो समिति गठित की गई, उसमें सात सदस्य थे, और उस समिति के अध्यक्ष बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर थे। भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का नाम हम सभी आदर के साथ लेते हैं और उनके विचारों को सदैव अपने जीवन में अपनाने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब देश के प्रथम कानून मंत्री रहे और उनके द्वारा निर्मित संविधान का हम सभी निष्ठापूर्वक पालन करते हैं। इस अवसर पर बृजेंद्र शुक्ला, डॉ. राजीव सिंह, रितु चौरसिया, जोगेश लांबा, पवन गर्ग, संजय शर्मा, अजय विश्वकर्मा, अजय पांडेय, हितानंद अग्रवाल उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते धरमलाल कौशिक एवं उपस्थित पार्टी पदाधिकारी।

# बजरंगी प्रीमियम लीग सीजन- 1 में बालको-11 बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्री बजरंगी जनकल्याण समिति वार्ड नंबर 36 नगर निगम क्षेत्र के द्वारा बजरंगी प्रीमियम लीग सीजन 1 पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का संपन्न हुआ। ससमापन समारोह में कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थे। अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता व जेपी कोसले राजमंहत, सतनामी समाज मनीराम जांगड़े प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति एवं प्रफुल्ल तिवारी, चंद्रलोक सिंह, श्री शर्मा, नरेंद्र पटनवार उपस्थित रहे। फाइनल मैच में निराला 11 एवं बालको 11 के बीच खेला गया और प्रथम स्थान बालको 11 ने हासिल की। जिन्हें 31 हजार रुपए नगद व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान निराला 11 राजस्व कॉलोनी सिंगापुर रहे। जिन्हें 11 हजार रुपए नगद व ट्रॉफी भेंटकर आयोजन समिति के द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन कहा कि खेल को सदैव खेल भावना से खेलना चाहिए खेल में हर और जीत लगा रहता है जो हारता है उसे सदैव अपने मन में यह बात जरूर रखना चाहिए कि मैं आने वाले समय में जरूर जीतूंगा और वह सफल होता है और एक दिन वह जरूर जीत हासिल करता है। हमें आशा है कि आने वाले समय में भी इस समिति के द्वारा और कई खेल प्रतियोगिता का आयोजन करेंगे साथ ही साथ सदैव जनहित कार्य भी करते रहेंगे। प्रतियोगिता में समिति के अध्यक्ष रघुवंशी सोनी, बृजलाल केवट, सतनारायण पटेल, मुनीराम यादव, राम कुमार कर्ष, पुष्पेंद्र कर्ष, यशपाल कंवर, रामेश्वर सूर्यवंशी, राजकुमार प्रजापति, चेतन दास, संजय तिर्की, केशव कुमार, मनहरण टंडन, नेतराम, इंद्रजीत सिंह, अजय कुमार, बीएल निराला का योगदान रहा।



जांजगीर, अकलतरा, चाम्पा, शिवरीनारायण, सक्ती मार्केट

फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, राफ्टर बेड़ी दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल टी, दीवान, पलंग, आलमारी, शोफासेट, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

19-Apr- Jash-Coriya-Rag-Janj-Bhoomi pg-3_Layout 1 19-04-2026 20:23 Page 1





## जावेद की टीवी पर होगी वापसी इस डांस रियलिटी शो में बनेंगे जज

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता जावेद जाफरी एक बार फिर टीवी की दुनिया में लौट रहे हैं। सोनी टीवी ने अपने चर्चित डांस रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5' का प्रोमो जारी किया है, जिसमें अभिनेता को जज की कुर्सी संभालते देखा जाएगा। शो की थीम इंडिया वाला डांस होगी, जिसके जरिए प्रतियोगी देशभर की विविध नृत्य शैलियों को पेश करेंगे। जाहिर है कि जावेद 1996 में आए लोकप्रिय डांस शो 'बूगी वूगी' में जज रह चुके हैं। 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5' के प्रोमो में जावेद कहते हैं, कभी सोचा है कि स्टेज 30 बाय 30 के स्टेज पर, क्या 140 करोड़ लोग नाच सकते हैं? बिल्कुल नाच सकते हैं। इंडियाज बेस्ट डांसर के स्टेज पर होगा 'इंडिया वाला डांस'। ऐसे में सारा इंडिया नाचेगा।

लाइफ Style

# रश्मिका

## नई फिल्म 'मायसा' से उड़ाएंगी होश

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका मंदाना अपनी नई फिल्म 'मायसा' में एकदम अलग अंदाज़ में नज़र आने वाली हैं। रॉविंद्र पुल्ले के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक रहस्यमयी एक्शन थ्रिलर है, जिसकी कहानी जनजातीय क्षेत्रों पर आधारित है। रश्मिका के जन्मदिन पर, टीम ने फिल्म का एक बेहद दमदार पोस्टर जारी किया। इसी के साथ, निर्देशक रॉविंद्र पुल्ले ने सोशल मीडिया पर रश्मिका की मार्शल आर्ट्स ट्रेनिंग के बारे में एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने रश्मिका को 'द वेपन' बताया और इसे 'निशानों में लिखी हुई जंग' कहा। फिल्म के टीज़र में एक दमदार डायलॉग भी है, आखिरकार मौत का सामना मौत से हुआ, मेरी बेटी को मारने में नाकाम रही। यह लाइन फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और रहस्य को और बढ़ा देती है। यह एक महिला प्रधान पैन-इंडिया फिल्म है, जिसके लिए रश्मिका अपने दमदार किरदार में जान फूंकने के लिए मार्शल आर्ट्स की कड़ी ट्रेनिंग ले रही हैं। फिल्म के एक्शन सीक्वेंस इंटरनेशनल स्टंट एक्सपर्ट एंडी लॉन्ग डिजाइन कर रहे हैं। वहीं, श्रेयस पी कृष्ण विजुअल्स संभाल रहे हैं और संगीत जेक्स बेजॉय ने दिया है। 'मायसा' के अलावा, रश्मिका जल्द ही शाहिद कपूर और कृति सैनन के साथ 'कॉकटेल 2' में, और विजय देवरकोंडा के साथ 'रानाबाली' में भी नज़र आएंगी।

फिल्म के टीज़र में एक दमदार डायलॉग भी है, आखिरकार मौत का सामना मौत से हुआ, मेरी बेटी को मारने में नाकाम रही। यह लाइन फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और रहस्य को और बढ़ा देती है। यह एक महिला प्रधान पैन-इंडिया फिल्म है।




हॉलीवुड मसाला



## मिर्याम बनकर पर्दे पर मचाएंगी तहलका

**लॉस एंजिल्स।** सिनर्स (सिनर्स) से मशहूर अभिनेत्री ली जुन ली सुपरहिट वेब सीरीज 'द लास्ट ऑफ अस' के तीसरे सीजन में मिर्याम का किरदार निभाएंगी, जो लेव और यारा की मां हैं। इस गर्मियों में शूटिंग शुरू होने वाली है। क्रेग मजिन, जो अब अकेले शो-रनर हैं, तबाही के बाद की इस हिट ड्रामा सीरीज की अगली कहानी को आगे बढ़ाएंगे। सीजन 3 में कास्ट और भी बड़ी हो गई है। इसमें एरियला बैरेर, तती गैब्रिएल और स्पेंसर लॉर्ड जैसे नाम लौट रहे हैं। इनके साथ ही, बेला रैमसे जैसे पुराने सितारे भी अपनी भूमिकाएँ निभाते दिखेंगे। इन नए जुड़ावों से फैंस को लेव और यारा की जिंदगी से जुड़ी और कहानियाँ देखने को मिलेंगी।




## 'टॉप गन 3' के साथ वापसी करेंगे टॉम क्रूज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज अपनी आगामी फिल्म 'डिगर' को लेकर चर्चा बटोर रहे हैं, जिसमें उन्हें एक बुजुर्ग व्यक्ति के किरदार में देखा जाएगा। हालांकि, दर्शकों को लुभाने का उनका सिलसिला अभी खत्म नहीं होगा, क्योंकि अभिनेता 'टॉप गन' फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त के साथ फिर लौटेंगे। पैरामाउंट ने निर्माता जेरी ब्रूकहाइमर के साथ मिलकर इस फ्रैंचाइजी की वापसी की आधिकारिक घोषणा कर दी है। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म पर काम शुरू कर दिया गया है। अमेरिका के सिनेमाकॉन समारोह में, पैरामाउंट फिल्म के सह-प्रमुख जोश ग्रीनस्टीन ने 'टॉप गन 3' को लेकर बात की। उन्होंने कहा, फिल्म आधिकारिक तौर पर विकास के चरण में है, और इसकी पटकथा पर काम तेजी से चल रहा है।



## क्या हाथ लगेगी विक्की की महावतार...

**मुंबई।** 'छावा' की अपार सफलता के बाद, विक्की कौशल पौराणिक फिल्म 'महावतार' को लेकर चर्चा में हैं। अमर कौशिक की इस फिल्म में उन्हें भगवान विष्णु के छठे अवतार 'चिरंजीवी परशुराम' के किरदार में देखा जाएगा। पहले खबर थी कि निर्माता फिल्म में मुख्य अभिनेत्री के लिए दीपिका पादुकोण से बात कर रहे हैं। फिर श्रद्धा कपूर का नाम चर्चा में आया। अब इस भूमिका के लिए मिस यूनिवर्स 2021 रहीं हरनाज संधू का नाम सामने आ रहा है। परियोजना से जुड़े एक सूत्र ने बताया, फिल्म निर्माता 'महावतार' में विक्की कौशल के साथ एक नए चेहरे को कास्ट करके एक नई जोड़ी बनाना चाहते थे, और वे इस भूमिका के लिए हरनाज़ संधू से बातचीत कर रहे हैं। यह नई जोड़ी पंजाब के 2 मूल अभिनेताओं को एक साथ लाएगी।



## वरुण और कृति का धमाकेदार डांस...

**मुंबई।** कृति सैनन और वरुण धवन अपनी आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में एक बार फिर साथ दिखेंगे। फिल्म के आखिर में एक धमाकेदार डांस सीक्वेंस होगा, जिसमें ये दोनों नज़र आएंगे। डेविड धवन के निर्देशन में 16 अप्रैल को शूट किया गया यह ज़बरदस्त सीन फिल्म को एक मज़ेदार और यादगार विदाई देगा। यह फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े मुख्य किरदारों में हैं। वहीं, कृति सैनन इस पोस्ट-क्रेडिट सीक्वेंस में एक कैमियो करती दिखेंगी। यह स्पेशल डांस नंबर फिल्म के युवा अंदाज़ को दर्शाता है और इसमें सैनन-धवन की शानदार केमिस्ट्री भी देखने को मिलेगी। इसके अलावा, वरुण और मृणाल पर फिल्माया गया गाना 'विवाह करवाडो जी' भी ऑनलाइन काफी पॉपुलर हो रहा है।

टीवी मसाला




## खतरों के खिलाड़ी-15 में शहनाज तान्या व गौरव समेत कई सेलिब्रिटी लेंगे रिस्क

एजेंसी ▶▶ मुंबई

**मुंबई।** रियलिटी टीवी शो खतरों के खिलाड़ी के 14 सीजन लाइव हो चुके हैं। वहीं फैंस अब इसके 15वें सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसको लेकर काफी समय से चर्चा भी हो रही है। हालांकि अब खतरों के खिलाड़ी 15 जल्दी ही रिलीज होने वाला है। इसके लिए पहले मेकर्स ने प्रोमो भी जारी किया था। हालांकि ये प्रोमो एआई पर आधारित था। इस प्रोमो में कंटेस्टेंट्स का चेहरा नहीं दिखाया गया था। वहीं अब खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 के कंटेस्टेंट्स की जानकारी सामने आई है।

### नजर आएंगे दिग्गज एक्टर्स

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो इस बार दर्शकों को अपने कुछ बेहतरीन और पसंदीदा एक्टर्स देखने को मिल सकते हैं। खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 में बिग बॉस 13 में अपनी बातों, अदाओं और टैलेंट से दिलों पर राज करने वाली शहनाज गिल नजर आने वाली हैं। इसके साथ ही बिग बॉस 17 फेम समर्थ जुरेल और बिग बॉस 19 के विजेता गौरव खन्ना और बिग बॉस 19 फेम तान्या मित्तल भी इस सीजन में नजर आने वाली हैं। इतना ही नहीं खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 में मशहूर कोरियोग्राफर और डायरेक्टर फराह खान के पति शिरीष कुंदर भी नजर आ सकते हैं।

### कब शुरू होगा खतरों के खिलाड़ी 15?

सोशल मीडिया पर जानकारी मिली है कि खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 की शूटिंग मई में शुरू होने वाली है। वहीं शो जून या जुलाई में आने की उम्मीद है। हालांकि मेकर्स ने अब तक इसकी रिलीज डेट को लेकर कोई खुलासा नहीं किया है। वहीं अब धीरे-धीरे मेकर्स सभी कंटेस्टेंट्स के फेस रिवील कर सकते हैं।

## उधार की कलम से सिगरेट के फॉयल पर लिखा गाना हो गया अमर

**मुंबई।** सुरों की कोकिला कही जाने वाली लता मंगेशकर ने एक ऐसा गाना गाया, जो अमर बन गया। आज भी जब ये गाना बजता है तो लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं लेकिन इसे लिखे जाने के पीछे की कहानी कुछ ऐसी है कि आप जानकर चौंक जाएंगे। चलिए जानते हैं कि इस गीत को कैसे लिखा गया।

### कौन सा है गाना?

हम जिस गाने की बात कर रहे हैं। उसके बोल हैं 'ऐ मेरे वतन के लोगों'। इसमें आवाज दी थी लता मंगेशकर ने और इसके बोल लिखे थे कवि प्रदीप ने। इसके अलावा इसे सी.रामचंद्र द्वारा संगीतबद्ध किया गया था। इस गाने को पहली बार 27 जनवरी 1963 को दिल्ली के नेशनल स्टेडियम में लता मंगेशकर द्वारा पहली बार लाइव गाया गया था। यह गीत 1962 के भारत-चीन युद्ध के शहीदों को समर्पित था।



### कैसे लिखा गया गाना?

यह गाना कवि प्रदीप द्वारा लिखा गया था। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि साल 1962 के दौरान भारत चीन से युद्ध हार गया था। सभी देशवासियों और सैनिकों का मनोबल कम हो रहा था। उसी वक्त गीतकार-कवि प्रदीप मुंबई में शाम को समुद्र किनारे टहल रहे थे। तभी उनके दिमाग में एक गाना आया, जिसे लिखने के लिए उनके पास कलम नहीं था और कागज भी नहीं था। तभी उन्होंने एक आदमी से उधार की कलम ली और अपने जेब से सिगरेट का डिब्बा निकाला। फिर उसके फॉयल पर गाना लिख दिया। वह गाना कोई और नहीं, बल्कि 'ऐ मेरे वतन के लोगों' रहा।

## बॉक्स ऑफिस पर होगा सीक्वल और फ्रैंचाइजी का बोलबाला, धाक जमाने आएंगी ये फिल्में...

*__मुंबई।__ साल 2026 फिल्म फ्रैंचाइजी और लंबे समय से प्रतीक्षित सीक्वल के लिए सौगात बनकर आया है। आने वाले महीनों में कई फिल्में रिलीज होने के लिए तैयार हैं जो न सिर्फ अपनी पहली किस्त को आगे बढ़ाएंगी, बल्कि कुछ नए किरदारों का दर्शकों से सामना भी कराएंगी। इस सूची में अजय देवगन से लेकर शाहिद कपूर तक की बहुप्रतीक्षित सीक्वल फिल्में शामिल हैं। चलिए इन फिल्मों और इनकी रिलीज तारीख के बारे में जानते हैं।*

**'दृश्यम 3':** अजय अपनी 2 अक्टूबर की परंपरा को कायम रखते हुए 'दृश्यम' फ्रैंचाइजी की तीसरी कड़ी के साथ लौटेंगे। इसका पहला भाग 2015 में और दूसरा भाग 2022 में रिलीज किया गया था। अक्टूबर, 2026 में विजय सलगांवकर (अजय) अपने परिवार को पुलिस की नजरों से बचाने के लिए आ रहे हैं। उनके साथ तब्बू, श्रिया सरन और इशिता दत्त जैसे सितारे अपने किरदारों में वापसी करेंगे। इस भाग को परिवार के अस्तित्व की कहानी का अंत माना जा रहा है।



**'कॉकटेल 2' और 'खोसला का घोसला 2':** शाहिद, रश्मिका मंदाना और कृति सैनन अभिनीत 'कॉकटेल 2' 19 जून, 2026 को रिलीज होने वाली है, जिसका निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है। यह 2012 में रिलीज 'कॉकटेल' की दूसरी कड़ी है, जिसमें सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण और डायना पेंटी जैसे सितारे थे। 'खोसला का घोसला' की टोली भी दूसरी कड़ी लेकर लौट रही है। फिल्म में अनुपम खेर, बोमन ईरानी के साथ पुराने सभी चेहरे फिर से दिखेंगे। यह फिल्म 28 अगस्त, 2026 को रिलीज होगी।

**'आवारापन 2' और 'धमाल 4':** इमरान हाशमी अपनी सुपरहिट फिल्म 'आवारापन' के सीक्वल को लेकर खूब चर्चा बटोर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग लगभग खत्म होने की कगार पर है। इसमें अभिनेता के साथ दिशा पाटनी नजर आएंगी। नितिन कक्कड़ द्वारा निर्देशित यह फिल्म अगस्त, 2026 में सिनेमाघरों में आ सकती है। इसके अलावा, 'धमाल' फ्रैंचाइजी की टोली भी इस साल जुलाई में लौटने को तैयार है। अजय, रितेश देशमुख, अरशद वारसी और जावेद जाफरी समेत अन्य सितारे इस फिल्म का फिर से हिस्सा हैं।

### बॉलीवुड में 2026 की तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया

# 'भूत बंगला' ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर गाड़े झंडे

**मुंबई। अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की सुपरहिट जोड़ी ने 14 साल बाद पर्दे पर वापसी करते हुए बॉक्स ऑफिस पर शानदार वापसी की है। फिल्म 'भूत बंगला' ने अपने पहले ही दिन उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया है। फिल्म की इस शुरुआत ने इस साल रिलीज हुईं कई फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। लंबे इंतजार के बाद अक्षय अपनी पसंदीदा शैली हॉरर-कॉमेडी में वापस लौटे हैं। आइए जानें उनकी इस फिल्म ने पहले दिन कितने करोड़ रुपये कमाए हैं।**

### पहले दिन फिल्म ने की इतनी कमाई

अक्षय की 'भूत बंगला' पहले दिन रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' या सनी देओल की 'बॉर्डर 2' को टक्कर नहीं दे पाई। हालांकि, इसने शाहिद कपूर की ओ'रोमियो से लेकर रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3', वीर दास की 'हैप्पी पटेल' और 'अस्सी' जैसी 2026 में रिलीज हुई अन्य फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है और बॉलीवुड में 2026 की तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। फिल्म ने पहले दिन 15.75 करोड़ रुपये कमाए हैं।

### आसपास भी नहीं टिक पाईं ये फिल्में

अक्षय ने 'ओ'रोमियो' (9.01 करोड़) और श्रीराम राघवन की बहुचर्चित 'इक्कीस' (7.28 करोड़) जैसी फिल्मों को बड़े अंतर से पछाड़ दिया है। रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' भी भूत बंगले के सामने टिक नहीं पाई और महज 4 करोड़ पर सिमट गई। 'दो दीवाने शहर में', 'हैप्पी पटेल', 'अस्सी' और 'राहु केतु' जैसी फिल्में 1-1.25 करोड़ के बीच संघर्ष करती रहीं। अक्षय के 'भूतिया' जादू के आगे इन फिल्मों की चमक फीकी पड़ गई।



### एडवांस बुकिंग और पेड प्रीव्यू में भी 'भूत बंगला' का जलवा

'भूत बंगला' ने घरेलू एडवांस बुकिंग के जरिए ही 3.32 करोड़ का कारोबार कर लिया था, जिसने फिल्म की मजबूत ओपनिंग के संकेत दे दिए थे। फिल्म के लिए आयोजित किए गए पेड प्रीव्यू को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला, जिससे फिल्म की झोली में 3.50 करोड़ और आ गिरे। यही कारण है कि फिल्म की पहले दिन की कुल कमाई बढ़िया नजर आ रहा है। फिल्म वीकेंड पर भी बड़े रिकॉर्ड बना सकती है।

### फिल्म में अक्षय ने जीते दिल

इस फिल्म में अक्षय के साथ वामिका गब्बी, तब्बू, परेश रावल और राजपाल यादव जैसे कलाकार नजर आ रहे हैं। दर्शकों के लिए भावुक पल तब आता है, जब वे पर्दे पर दिवंगत अभिनेता असरानी को देखते हैं। मिथिला पारकर और जीशु सेनगुप्ता भी अपने-अपने किरदार में जंचे हैं। हालांकि, इस फिल्म की सबसे बड़ी यूएसपी अक्षय कुमार की कॉमिक टाइमिंग और डबल रोल है। उनका गेटअप इतना अलग है कि दर्शक देखते रह जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### विधायक ने किया 56 लाख रुपए की लागत से बनने वाले विविध निर्माण कार्यो का भूमिपूजन



**जांजगीर-चांपा।** विधायक ब्यास कश्यप ने बलौदा विकासखंड के ग्राम मड़वा में विविध विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। उन्होंने ग्राम मड़वा में 56 लाख रूपए की लागत से बनने वाले विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमि पूजन किया। इस निर्माण कार्य के लिए राशि अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र के सी.एस.आर. मद से स्वीकृत की गई है। भूमि पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि इन कार्यो के पूर्ण होने से ग्राम मड़वा एवं आस-पास के क्षेत्रों के नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सी.एस.आर. मद के माध्यम से क्षेत्र में सड़क, भवन, पेयजल, एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का विकास सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों का जीवन स्तर बेहतर हो सके। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मड़वा के सरपंच अजय सोनवानी, उप सरपंच बबलू पटेल, पूर्व सरपंच ईश्वर सिंह, आचार्य गिरिजा शंकर पांडे, भुवनेश्वर सिंह कंवर, खम्हन सिंह, मिल सिंह, रामगोपाल यादव, रामलाल पांडे, लखन साहू, सियाराम साहू, सहेत्तर सिंह कंवर, गली राम साहू, अशोक साहू, किशन आदित्य सहित गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### विपक्ष के दुर्भावना से अब महिलाओं को नहीं मिल पाएगा 33 प्रतिशत आरक्षण : पांडेय

**जांजगीर-चांपा।** देश की आधी आबादी महिला बहनों के लिए 17 अप्रेल जो की उत्सव का दिन होना था , वह काला दिन साबित हुआ। " उक्त बातें 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के लिए लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल गिर जाने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता इंजी. रवि पाण्डेय ने कही । उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस की नेतृत्व इंडिया गठबंधन विपक्ष में हैं उनकी मानसिकता उजागर हुई है। उनके विरोध के चलते 52 मतों से बिल गिर गया । उन्होंने कहा कि आने वाले 52 वर्षों तक अब ये विपक्षी पार्टी को देश की महिलाएं सबक सिखाने वाली हैं । इंजी. पाण्डेय ने कहा कि बिल गिरने पर उत्सव के रूप में प्रदर्शन करना उनकी अत्यधिक छोटी सोच को प्रदर्शित करता है । विपक्ष के दुर्भावना से अब महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण नहीं मिल पाएगा। यही नहीं विपक्षी पार्टी देश को परिसीमन से भी भी वंचित रख रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए बताया कि आने वाले समय में कांग्रेस सहित विपक्ष की सभी पार्टियों को महिलाओं का भरपूर विरोध का सामना करना पड़ेगा ।



### रेत घाटों का अधिकारियों की टीम ने किया निरीक्षण



**पामगढ़।** अनुविभाग पामगढ़ क्षेत्रान्तर्गत नदी किनारे स्थित रेत घाट वाले ग्राम पंचायत कमरीद देवरघटा, तनौद, खरगहनी, खोरसी, हड़हा, नवागांव का अधिकारियों की टीम द्वारा शनिवार 18 अप्रैल को आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त सभी ग्रामों के रेत खदान स्थलों पर रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन किया जाना नहीं पाया गया। वर्तमान में सभी ग्रामों से रैत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन पूर्णतः बंद है। संबंधित ग्राम पंचायतों के पंचायत पदाधिकारियों सरपंच एवं पचों को छत्तीसगढ़ राज पंचायत राज अधिनियम, 1993 तथा गौण खनिज नियम, 1996 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत की शासकीय परिसंपित्त होने के कारण रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन रोकने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति स्वीकृति की अंतिम तिथि में वृद्धि

**सक्ती।** राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए सत्र 2025-26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया जारी है। विभाग द्वारा लंबित आवेदनों को देखते हुए प्रस्ताव एवं स्वीकृति लॉक करने की अंतिम तिथियों में वृद्धि की गई है। जिले के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई संस्थानों में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों के लिए यह प्रक्रिया राज्य की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन संचालित की जा रही है। नई अंतिम तिथियां इस प्रकार हैं। शासकीय संस्था या जिला कार्यालय द्वारा स्वीकृति आदेश लॉक करने की अंतिम तिथि 21 अप्रैल एवं जिला कार्यालय द्वारा भुगतान हेतु राज्य कार्यालय को प्रस्ताव भेजने की अंतिम तिथि गुरुवार 23 अप्रैल है।

लिखित शिकायत और जन चौपाल के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई, वार्ड 6 में हालात सबसे खराब

# झूलते बिजली तारों से खतरा, जान जोखिम में डालकर आवागमन को मजबूर नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

धार्मिक नगरीय शिवरीनारायण के कई वार्डों में झूलते बिजली तार हरपल हादसे को निमंत्रण दे रहे है। कब बड़ी घटना घट जाए कहा नहीं जा सकता है। लोग जान जोखिम में डालकर इस मार्ग से आवागमन करने विवश है। वॉर्डवासियों के अनुसार इस समस्या को लेकर उनके द्वारा कई बार मौखिक एवं लिखित रुप से शिकायतें की जा चुकी हैं। यहां तक की जन चौपाल में भी आवेदन देकर प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

नगर में झूल रहे बिजली के तार लोगों की जान के लिए बड़ा खतरा बनते जा रहे हैं। हालत यह है कि नागरिकों को रोजाना अपनी जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है। नगर के प्रयागराज क्षेत्र सहित कई इलाकों में यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, वहीं वार्ड क्रमांक 6 में स्थिति और भी चिंताजनक है। यहां कई जगहों पर बिजली के तार इतने नीचे झूल रहे हैं कि वे बच्चों की पहुंच तक में हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। वॉर्डवासियों के अनुसार इस समस्या को लेकर कई बार मौखिक और लिखित शिकायतें की जा चुकी हैं। जन चौपाल में भी आवेदन देकर प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। वॉर्डवासियों का कहना है कि बिजली के तार नीचे झूल रहे हैं, जिससे हर समय दुर्घटना का डर बना रहता है। कई बार शिकायत के बाद भी विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ऐसा लगता है कि प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है। लोगों में इस लापरवाही को लेकर भारी आक्रोश है। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस गंभीर समस्या पर तुरंत संज्ञान लेकर झूलते तारों को व्यवस्थित किया जाए और जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।





झूलते बिजली के तार।

# अक्षय तृतीया पर आज होगा 24 बटुकों का उपनयन संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ब्राह्मणों के कुल जनक भगवान परशुराम के जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया के अवसर पर सोमवार 20 अप्रैल ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच जांजगीर द्वारा 24 बटुकों का उपनयन संस्कार अग्रसेन भवन नैला में किया जाएगा । उपनयन संस्कार की सम्पूर्ण तैयारी के लिए अंतिम बैठक समिति की सक्रिय सदस्य डॉक्टर मिनाक्षी शर्मा के निवास स्थान पर आयोजित की गई।

- ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच जांजगीर ने किया सारी तैयारियां पूरी, अग्रसेन भवन में होगा कार्यक्रम

उपनयन संस्कार की जानकारी देते हुए समिति के सक्रिय सदस्य द्वय पुर्णिमा शर्मा एवं विद्योत्तमा गौरहा ने बताया कि उपनयन की सम्पूर्ण तैयारी समिति द्वारा कर ली गयी है,उन्होंने पंजीकृत 24 बटुकों के परिजन से सुबह 7 बजे अग्रसेन भवन नैला पहुँचकर कार्यक्रम के सहभागी बनने का आग्रह किया है । उपनयन संस्कार के आचार्य पंडित राजकुमार मिश्रा होंगे एवं प्रमुख यजमान पंडित चंद्रहास मिश्रा एवं निशा मिश्रा है। पंजीकृत परिजन पूजन सामग्री एवं धोती,टोपी और अन्य आवश्यक सामग्री किट के माध्यम से जयंती दुबे और जूही गौरहा से प्राप्त कर सकते है । बटुकों के परिजनो से लाल या पीले वस्त्र धारण कर आने का आग्रह किया गया। पंजीकृत बटुकों के नाम विवेक तिवारी पिता करण तिवारी जांजगीर,भावेश कुमार पाण्डेय पिता विद्याधर पाण्डेय पकरिया, आशुतोष पाण्डेय पिता राजेन्द्र कुमार पाण्डेय अड़भार, शिवांग पाण्डेय पिता ब्रजेश कुमार पाण्डेय जांजगीर, रितुराज चौबे पिता यशपाल चौबे बनाहिल, घनश्याम तिवारी पिता दिलहरण तिवारी खिसोरा, पुष्कर मिश्रा पिता रवि कुमार मिश्रा जांजगीर, शौर्य मिश्रा रवि कुमार मिश्रा जांजगीर, प्रांशुल पाण्डेय पिता चंद्रशेखर पाण्डेय अकलतरा, अनुराग दुबे पिता गावस्कर दुबे भवरेली, पार्थ पाण्डेय पिता संतोष पाण्डेय चांपा, पीयूष दुबे पिता रमेश दुबे जयरामनगर, रुद्र उपाध्याय पिता प्रवीण उपाध्याय जांजगीर, लक्की पाण्डेय पिता बसंत पाण्डेय भड़ेसर, प्रियांशु दुबे पिता दिनेश दुबे जांजगीर, नितिन पाण्डेय पिता नीलेश पाण्डेय छुरी, मयंक पाण्डेय पिता निलेश पाण्डेय छुरी, स्वपनिल तिवारी पिता रमेश तिवारी चांपा, गौरव तिवारी पिता मिथलेश तिवारी मुड़पार, प्रखर उपाध्याय पिता प्रहलाद उपाध्याय जांजगीर,प्रवीण उपाध्याय पिता प्रहलाद उपाध्याय जांजगीर, पीयूष पाण्डेय पिता भूपेंद्र पाण्डेय जांजगीर,गोपी मिश्रा पिता सच्चिदानंद मिश्रा कोरबा,जीतू शर्मा पिता वीरेंद्रनारायण शर्मा कोरबा है । ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच से वीना शर्मा, नीरा शर्मा,सीता पांडेय, जयश्री शर्मा, बीना दुबे, जयंती दुबे, नीलू पांडेय, गीता मिश्रा, आशा दुबे, निशा मिश्रा, अलका शर्मा, नीलू शर्मा, अनिता मिश्रा,,किरण पांडेय, पूर्णिमा शर्मा, किरण शुक्ला, अनुराधा शुक्ला, डॉक्टर मीनाक्षी शर्मा, विद्योत्तमा गौरहा,प्राची पांडेय, प्रियंवदा पांडेय, शालिनी शर्मा,स्मृति गौरहा, नम्रता शर्मा, जूही गौरहा सहित अन्य पदाधिकारी आयोजन की तैयारी में जुटी है ।



उपस्थित ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच के पदाधिकारी व सदस्य।

## सर्व यादव समाज की बैठक में संगठन को मजबूत करने हुई चर्चा



**अकलतरा।** अकलतरा स्थित रेस्ट हाउस में शनिवार 18 अप्रैल को सर्व यादव समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज के लोगों को एकजुट करने एवं संगठन को मजबूत बनाने का संदेश देना रहा। इस दौरान अकलतरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत कटघरी में श्री राधा-कृष्ण मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम में बताया गया कि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मुख्य अतिथि मंत्री गजेंद्र यादव होंगे।बैठक में समाज के विकास, एकता और आगामी धार्मिक कार्यक्रमों को सफल बनाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में रमेश यदु, संदीप यादव, रमाकांत यादव, धनीराम यादव, सुरेश यादव, इतवारी यादव, शांति यादव, रूपचंद यादव, रामसिंह यादव, लाला यादव, योगेंद्र यादव, नंद यादव, कृष्णा यादव, विजय यादव, अजय यादव, प्रद्युम्न यादव, रविंद्र यादव, नारायण यादव, पुरुषोत्तम यादव, ओमप्रकाश यादव, लक्ष्मी यादव, लक्ष्मीकांत यादव सहित अन्य सदस्य शामिल हुए।

# पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के जन्मदिन पर बधाई देने दिनभर लगा रहा तांता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छ.ग. विधान सभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल के जन्मदिन के अवसर पर रविवार 19 अअप्रैल को सुबह 9 बजे बजे से ही क्षेत्र, जिला एवं पूरे अंचल के भाजपा कार्यकर्ताओं, नागरिकों, समाज के हर वर्ग के लोगो ने तथा विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने रेल्वे स्टेशन के सामने जनसंपर्क कार्यालय में पहुंचकर पुष्पगुच्छ एवं पुष्पाहर, साल व श्रीफल भेटकर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही सभी लोगों ने उनके यशस्वी जीवन एवं दीर्घायु होने की कामना की है।

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू सहित अनेक मंत्रियों ने दी फोन पर बधाई

प्रातः काल से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, छ.ग. विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय, महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चैधरी सहित भाजपा प्रदेश संगठन के अनेक सांसद, विधायक, निगम मण्डलों के अध्यक्ष व अन्य प्रांतो के भी भाजपा पदाधिकारियों ने फोन से श्री चंदेल को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। जांजगीर-नैला रेल्वे स्टेशन चौक स्थित श्री चंदेल के जनसंपर्क कार्यालय में प्रातः से बड़ी संख्या में बधाई देने वालो का ताता लगा रहा। जांजगीर-चाम्पा क्षेत्र की सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष अम्बेश जांजगड़े, पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, पूर्व महापौर कोरबा जोगेश लाम्बा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, बिलासपुर जिला सहाकरी बैंक उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी साहू, भाजपा जिला महामंत्री श्रीमती नंदनी राजवाड़े, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता इंजी. रवि पाण्डेय, भाजपा जांजगीर-नैला नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़वाल, चाम्पा नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, नवागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अर्चना देवांगन, शिवरीनारायण नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत, बाराद्वार नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे, अमित कलानोरिया, खरौद नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद यादव, नपाप उपाध्यक्ष मोहन यादव, न.पं. उपाध्यक्ष निरंजन कोसले, अकलतरा पार्षद रोहित सारथी, मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्रीमती संतोषी सिंह, भुवनेश्वर साहू, लखन कंवर, राजेश्वर पाटले, नरेन्द्र कौशिक, आकाश सिंह, संतोष जब्बल, मण्डल अध्यक्ष धाजाराम साहू, समर्थ सिंह, हितेश यादव, अरूण झाझड़िया, नवीन राठौर, मोतीलाल डहरिया, आशुतोष गोस्वामी, अमित यादव, अजीत गढ़वाल, श्रीमती उमा सोनी, श्रीमती संतोषी सिंह, श्रीमंती मनीषा गोपाल, श्रीमती दुलौरिन चैरसिया, डॉ. धनेश्वरी जागृति, लक्ष्मी देवांगन, अमित यादव, गज्जू धुरव, रघु कश्यप, राजू कश्यप, छबि कश्यप, दिनेश राठौर, राजाराम सिहानी, कैलाश बसईवाल, सुशील सिंह, सतीश सिंह, रितेश मोनू अग्रवाल, हरदेव टण्डन, अमरनाथ बर्मन, रिया यादव सहित विभिन्न संस्था, व्यापारी संघ, दवा विक्रेता संघ, किराना व्यापारी संघ, क्रेशर उद्योग संघ, राजमिस्त्री संघ, जिला हॉकी संघ के पदाधिकारियों ने अपने साथियों के साथ श्री चंदेल को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। इस कार्यक्रम में श्री चंदेल के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला चंदेल, पुत्र पलाश चंदेल, पुत्री सोनाली चंदेल सहित परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। सभी बधाई देने वाले आगंतुको के प्रति आभार व्यक्त किया। जांजगीर, चाम्पा, अकलतरा, शिवरीनारायण, पामगढ़, बाराद्वार, सक्ती, कोरबा, डभरा, चंद्रपुर, जैजैपुर, बलौदा सहित दूरस्थ क्षेत्रों से भी भाजपा पदाधिकारीगण श्री चंदेल को बधाई देने यहां पहुंचे थे।




जन्मदिन के अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल।

# कोसला में परशुराम चौंक का हुआ भूमिपूजन

**पामगढ़।** कोसला धाम में अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर परशुराम चौंक का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कोसला के गौंटिया परिवार द्वारा पैठू परिसर त्रिलोकी नाथ तिवारी के जमीन में इस चौंक का निर्माण कराया जाएगा, जिसकी रितेश तिवारी द्वारा पूजा-अर्चना कि गई। समस्त विप्रजनों व अतिथियों द्वारा विधिवत नींव रखी गई। इस अवसर पर विप्र जनों में दुर्गेश्वर तिवारी, भगवताचार्य अनिल शर्मा, सुरेश कुमार तिवारी, संजय कुमार तिवारी, त्रिलोकी नाथ तिवारी, सत्यनारायण शर्मा, सुधीर तिवारी, शशांक तिवारी, जवाहर तिवारी, पालेश्वर शर्मा, संतोष कुमार तिवारी, लीलाम्बर पाण्डेय, चंद्रमोहन शर्मा, साकेत तिवारी, अतुल्य प्रकाश तिवारी, राहुल तिवारी, विनय तिवारी, रत्नेश तिवारी, संस्कार, अंकित, एवं द्वारिका साहू, रमेश कुमार कश्यप, वेदप्रकाश साहू मौजूद रहे अतिथि के रूप में इस अवसर पर पामगढ़ जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मानेश जांगड़े, जनपद उपाध्यक्ष रूपचंद साहू, गांव के सरपंच राजकुमार नारंगे मौजूद रहे।



परशुराम चौक का भूमि पूजन करते अतिथि।

## राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में 500 खिलाड़ी दिखा रहे दमखम

**चांपा।** नगर में इन दिनों खेल और संस्कृति का शानदार संगम देखने को मिल रहा है, जहां कराटे की ताकत और कथक की खूबसूरती ने हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दिया है।

सरस्वती शिशु मंदिर, लायंस चौक में 'जाज्वल्य देव कप छत्तीसगढ़ राज्य कराटे चैंपियनशिप 2026' का भव्य आगाज हुआ। दो दिवसीय इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेशभर से करीब 500 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का दम दिखा रहे हैं। माही बरेठ का डांस कार्यक्रम की सबसे खास झलक रही। रायगढ़ जिले के छाल की रहने वाली माही बरेठ जिन्होंने अपने आकर्षक कथक नृत्य से अतिथियों का स्वागत किया। कराटे जैसे दमदार खेल के बीच कथक की यह प्रस्तुति सभी के लिए यादगार बन गई। वर्सेटाइल मार्शल आर्ट एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक अखिलेश आदित्य हैं, जिनके नेतृत्व में यह आयोजन प्रदेश के कराटे खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा मंच बनता जा रहा है। बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव सहित 15 से ज्यादा जिलों के खिलाड़ी यहां पहुंचे हैं जो अपनी कला और कौशल का शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। आयोजन समिति द्वारा खिलाड़ियों को मेडल, ट्रैकसूट और टी-शर्ट दिए जा रहे हैं, वहीं कोचों को ट्रॉफी और सम्मान देकर उनका उत्साह बढ़ाया जा रहा है।



आध्यात्मिक सत्संग, दहेज मुक्त विवाह एवं रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

# जब तक मनुष्य सतभक्ति नहीं करता तब तक उसका मोक्ष संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

संत रामपाल महाराज के सानिध्य में रविवार 19 अप्रैल को पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम में एकदिवसीय आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन टीव्ही के माध्यम लाईव कार्यक्रम प्रसारित किया गया। इसके साथ ही 3 जोड़ो का दहेज मुक्त आदर्श विवाह,रक्तदान एवं देहदान शिविर का आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुजन सत्संग सुनने के लिए उपस्थित हुए।

सत्संग में बताया गया कि ज्यादातर लोग यह मानते हैं कि यदि हम अच्छे कर्म करें जैसे दान, पुण्य और अन्य विकारों से दूर रहे तो हमें मोक्ष अर्थात जन्म-मरण से मुक्ति मिल जाएगी, लेकिन जब तक मनुष्य सतभक्ति नहीं करता तब तक उसका मोक्ष संभव नहीं है। संत रामपाल महाराज द्वारा एक सरल उदाहरण से समझाया गया जैसे दो किसान हैं पहला किसान अपने खेत की बहुत अच्छी तरह से सफाई करता है। घास-फूस हटाता है, बीज बोने की पूरी तैयारी करता है, लेकिन बीज (फसल) नहीं बोता। दूसरा किसान भी अपने खेत की सफाई करता है, जमीन को तैयार करता है और साथ ही बीज भी बोता है। पहला किसान, चाहे उसने कितनी भी मेहनत की हो, उसे कोई फसल प्राप्त नहीं हुई। जबकि दूसरा किसान, जिसने सफाई के साथ-साथ बीज भी बोया, उसे भरपूर फसल प्राप्त हुई। इससे स्पष्ट होता है कि यदि मनुष्य केवल अच्छे कर्म करता है, लेकिन सतभक्ति नहीं करता तो उसका जीवन उस पहले किसान की तरह है जिसे अंत में कोई वास्तविक लाभ (मोक्ष) प्राप्त नहीं होता। लेकिन जो मनुष्य अच्छे कर्मों के साथ-साथ सतभक्ति भी करता है, वह मोक्ष रूपी फल अवश्य प्राप्त करता है। सत्संग मे मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा 3 जोड़ों का दहेज मुक्त विवाह। वीरेन्द्र पटेल ग्राम हरेठी जिला सक्ती संग टिकेश्वरी निषाद ग्राम कबारीपाली तहसील डभरा, सूरज महंत बिरकोना बिलासपुर संग अनुराधा महंत चांपा एवं सत्यनारायण साहू ग्राम चिकनीपाली जिला कोरबा संग खुशबू साहू ग्रा सुखरीकला जिला कोरबा जिनका मात्र 17 मिनट में बिना किसी फिजूल खर्च और बिना दहेज के विवाह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 25 श्रद्धालुओं के द्वारा मरणो उपरांत देहदान के लिए संकल्प फॉर्म भरा गया एवं 25 श्रद्धालुओं के द्वारा रक्तदान किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



संत रामपाल महाराज का सत्संग सुनते लोग।

